Rapid Fire करेंट अफेयर्स (23 November)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-23-11-2018

- ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के निकट परमअट्टा (Parramatta) के जुबली पार्क में रामनाथ कोविंद ने किया महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण; भारत ने ऑस्ट्रेलिया को गिफ्ट की है राम सुतार तथा अनिल सुतार द्वारा डिज़ाइन की गई यह प्रतिमा
- पाँच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनावों और आगामी लोकसभा चुनावों के लिए बैलेट पेपर से वोटिंग कराने की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज
- केंद्र सरकार ने सहयोगी एवं स्वास्थ्य सेवा प्रोफेशनल्स द्वारा दी जाने वाली शिक्षा एवं सेवाओं के नियमन और मानकीकरण के लिए सहयोगी एवं स्वास्थ्य सेवा पेशा विधेयक, 2018 को मंज़ूरी दी
- केंद्र सरकार ने केंद्रीय सूची में अन्य पिछड़ा वर्ग के उप-वर्गीकरण के मुद्दे की जाँच करने वाले आयोग का कार्यकाल 31 मई 2019 तक बढ़ाया
- सीनियर IAS ऑफिसर जलज श्रीवास्तव को भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (Inland Waterways Authority of India) का चेयरमैन नियुक्त किया गया
- भारत और हॉलीवुड की शान रहा बड़ौदा का चाँद (Moon of Baroda) नाम का 24 कैरेट का फैंसी हीरा हांगकांग में नीलाम होगा; बड़ौदा के गायकवाड़ राजघराने के पास था पहले यह हीरा
- कंबोडिया में शुरू हुआ वाटर फेस्टिवल Bon Om Touk; राजधानी नोम पेन्ह में टोनले सैप नदी में बोट रेस से हुई शुरुआत; हर साल सैकड़ों नौकाओं के साथ हजारों नाविक लेते हैं हिस्सा
- सर्वसुलभ न्याय देने के लिए आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती में बनेगी देश की पहली 'जस्टिस सिटी'; Andhra Pradesh Capital Region Development Authority है अमरावती को विकसित करने वाली नोडल एजेंसी
- वेस्ट इंडीज में खेले जा रहे ICC महिला टी-20 विश्व कप में भारत की चुनौती हुई समाप्त; सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने आठ विकेट से हराया; ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होगा फाइनल
- इटली स्थित दुनिया के सात अजूबों में से एक 'पीसा की झुकी मीनार' का झुकना कम हुआ; लगातार प्रयासों से 186 फुट ऊँची मीनार को लगभग 4 सेंटीमीटर सीधा कर लिया गया
- केंद्र सरकार ने केंद्रशासित क्षेत्र दादरा और नगर हवेली की राजधानी सिलवासा में मेडिकल कॉलेज खोलने को दी मंज़ूरी
- चीन ने विवादित दक्षिण चीन सागर में पार्सल आइलैंड्स स्थित बॉम्बे रीफ में एक नया मिलिट्री प्लेटफॉर्म बनाया; वियतनाम और ताइवान भी बॉम्बे रीफ पर जताते हैं अपना-अपना दावा
- पाँचवां विश्व मात्स्यिकी दिवस (World Fisheries Day) 21 नवंबर को मनाया गया; 'नीली क्रांति मिशन–आधुनिक तकनीकियों के प्रयोग से व्यावसायिक मत्स्य उत्पादन की ओर' थी भारत में हुए समारोह की थीम
- गुजरात सरकार ने गिर में शेरों के संरक्षण के लिये बनाया 351 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट; पिछले कुछ समय में कैनाइन डिस्टेंपर वायरस की वज़ह से गिर में हुई थी कई शेरों की मौत
- चेन्नई एयरपोर्ट को पिछले एक साल में शत-प्रतिशत शिकायत निवारण करने के लिए दिया गया चैंपियन अवॉर्ड

- नई दिल्ली के आंबेडकर स्टेडियम में खेला गया जूनियर लड़कों का 59वाँ सुब्रतो कप फुटबॉल बांग्लादेश क्रीड़ा शिक्षा प्रतिष्ठान ने जीता; अफगानिस्तान का अमिनी स्कूल रहा उपविजेता
- लोगों को पर्यावरण और पारिस्थितिकी के प्रति जागरूक करने के लिए ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में बनाया गया 'Waste to Art Museum'
- राजस्थान के बीकानेर में महाजन फायरिंग रेंज में 19 नवंबर से चल रहा है 12 दिवसीय भारत-अमेरिका सैन्य अभ्यास 'वज्र प्रहार'; काउंटर टेररिज्म को मद्देनज़र रखकर किया जाता है यह अभ्यास